आदेश ब इजलास प्रकाश राजपुरोहित आई.ए.एस. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर ग्रामीण

प्रकरण संख्या : 78/2023 (धारा 14 सिक्योरिटाईजेशन)

एडलवाईज असेट रिकन्सट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड, दिल्ली प्रेस, बिल्डिंग नं. ई–03, झण्डेवाला एस्टेट, रानी झांसी रोड़, दिल्ली।

प्रार्थी वित्तीय संस्था

बनाम

1. श्री जगदीश प्रसाद सोलंकी पुत्र श्री कन्हैया,
   पता :– 490, रेलवे स्टेशन के पास, सांमरलेक, तहसील फुलेरा, जयपुर
   एवं वार्ड नं. 3, रेलवे स्टेशन रोड़, सांमरलेक, जयपुर।
2. श्रीमती तरूणा देवी पत्नी श्री जगदीश प्रसाद सोलंकी,
   पताः– 490, रेलवे स्टेशन के पास, सांमरलेक, तहसील फुलेरा, जयपुर।
3. श्री संजय पुत्र श्री राम गोपाल,
   पताः– 127, गौशाला के पास, वार्ड नं. 4, तहसील फुलेरा, जयपुर।
4. श्री राम गोपाल पुत्र श्री कन्हैया लाल,
   पताः– 490, रेलवे स्टेशन के पास, सांमरलेक, तहसील फुलेरा, जयपुर।
5. श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री राम गोपाल,
   पताः– 127, गौशाला के पास, वार्ड नं. 4, तहसील फुलेरा, जयपुर।
6. श्री देवी सिंह पुत्र श्री सुगन सिंह,
   पताः– 999999, गवर्नमेन्ट क्वार्टर्स, वार्ड नं. 5, सांमरलेक, तहसील फुलेरा, जयपुर।
7. श्री रवि कुमार पुत्र श्री राम गोपाल,
   पताः– 127, गौशाला के पास, वार्ड नं. 4, तहसील फुलेरा, जयपुर।

अप्रार्थीगण

ऋणी एवं गारन्टर

जिला मजिस्ट्रेट (कलक्टर) जयपुर (ग्रामीण) राजस्थान

The application under section 14 of The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002

उपस्थित :–

1. श्री विकास मैसी, अधिवक्ता प्रार्थी वित्तीय संस्था की ओर से।

आदेश दिनांक 08.01.2024

1. संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि वित्तीय संस्था एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक (पूर्व नाम एयू फाईनेन्शियर्स (इण्डिया) लिमिटेड) ने अप्रार्थी ऋणी को दिनांक 09.06.2016 को पुनर्भुगतान हेतु जमानत प्रतिभूति के रूप में अप्रार्थी श्री जगदीश प्रसाद सोलंकी एवं श्री राम गोपाल के स्वामित्त्व की संपत्ति वार्ड नं.3 रेलवे स्टेशन रोड़, सांमरलेक जयपुर स्थित प्लॉट, क्षेत्रफल 101.67 वर्गगज को बन्धक रख कर कुल राशि 13,50,000/– रूपये की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। अप्रार्थी ऋणी द्वारा प्रार्थी वित्तीय संस्था को ऋण भुगतान करने में असफल रहने पर

जिला मजिस्ट्रेट
(कलक्टर) जयपुर (ग्रामीण)

Scanned with OKEN Scanner

अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थी ऋणी को दिनांक 28.02.2018 को रजिस्टर्ड नोटिस जारी किए गए। तत्पश्चात् एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक (पूर्व नाम एयू फाईनेन्शियर्स (इण्डिया) लिमिटेड) ने जरिये असाईन एग्रीमेन्ट दिनांकित 22.12.2020 को एडलवाईज असेट रिकन्सट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड को ऋणी का खाता हस्तान्तरित कर दिया गया। नोटिस जारी किये जाने के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज भुगतान नहीं करने पर प्रार्थी वित्तीय संस्था ने The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act. 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने पास बन्धक सम्पत्ति का भौतिक रूप से कब्जा प्राप्त करने हेतु आवश्यक पुलिस इमदाद उपलब्ध कराने की इस्तदुआ की है।

2. प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी वित्तीय संस्था के सुयोग्य अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली एवं प्रस्तुत दस्तावेजो का भलीभाति अवलोकन किया गया।

3. पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी वित्तीय संस्था ने अप्रार्थीगणों को कुल राशि 13,50,000/– रूपये का ऋण दिया है, जिसकी प्रतिभूति जमानत के रूप में अप्रार्थीगण ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति बंन्धक के रूप में प्रार्थी वित्तीय संस्था के पास गिरवी रखी है। अप्रार्थीगण का ऋण खाता एन पी ए घोषित होने से नियमानुसार ऋण वसूली के लिए बकाया ऋण राशि 14,94,766/– रूपये की ऋण सुविधा जमा कराने हेतु अप्रार्थीगण को दिनांक 28.02.2018 को अधिनियम की धारा 13 (2) के अधीन रजिस्टर्ड नोटिस जारी किया गया है अप्रार्थीगण द्वारा उक्त नोटिस का वित्तीय संस्था को कोई जवाब नहीं दिया गया और अप्रार्थीगण द्वारा वित्तीय संस्था को बकाया ऋण राशि का भुगतान भी नहीं किया गया है। प्रकरण में वसूली योग्य बकाया राशि एक लाख रूपये से अधिक होने एवं 20 प्रतिशत से अधिक राशि बकाया होने से अधिनियम के प्रावधानों के तहत वित्तीय संस्था बन्धक रखी गई सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त करने का अधिकारी है एवं अधिनियम की धारा 14 के तहत वित्तीय संस्था के पक्ष में बन्धक रखी गई सम्पत्ति का भौतिक कब्जा दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। प्राधिकृत अधिकारी ने धारा 14 के समर्थन में आवश्यक शपथ प्रस्तुत कर दिया है।

4. अतः The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act. 2002 की धारा 14 में प्रदत शक्तियों के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार कर प्रार्थी वित्तीय संस्था के पक्ष में अप्रार्थी श्री जगदीश प्रसाद सोलंकी एवं श्री राम गोपाल के स्वामित्त्व की संपत्ति वार्ड नं.3 रेलवे स्टेशन रोड़, सांभरलेक जयपुर स्थित प्लॉट, क्षेत्रफल 101.67 वर्गगज का भौतिक रूप से कब्जा प्रार्थी वित्तीय संस्था द्वारा जरिये सम्बन्धित पुलिस थाना प्राप्त किये जाने के आदेश दिये जाते है।

5. आदेश की प्रति संबंधित पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर/पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण को भेज कर लिखा जावे की उक्त सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी वित्तीय संस्था को प्राप्त करने में सहयोग कर वित्तीय संस्था को दिलाने हेतु संबंधित थानाधिकारी को निर्देशित करें एवं पालना रिपोर्ट भिजवाने हेतु पाबन्द करे। आदेश की प्रति हस्ब कायदा जारी हो। पत्रावली नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

6. आदेश आज दिनांक 08.01.2024 को सरे इजलास सुनाया गया।

(प्रकाश राजपुरोहित)
जिला मजिस्ट्रेट
जयपुर (ग्रामीण)

Scanned with OKEN Scanner